पटना साइंस कॉलेज में नामांकन 24 से

पटना (हि.प्र.)। पटना साइंस कॉलेज में स्नातक नामांकन के लिए सोमवार को मेधा सूची जारी कर दी गयी। अब 24 जून से नामांकन शुरू होगा। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि पटना विवि व अन्य विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए अलग-अलग मेधा सूची जारी की गयी है। इंटर की परीक्षा में विज्ञान विषयों में प्राप्त अंक के आधार पर छात्रों को नामांकन के लिए आमंत्रित किया गया है। विज्ञान विषयों में 600 पूर्णांक के आधार पर इस सूची को जारी किया गया है।पटना व अन्य विवि के छात्रों के लिए नामांकन की निश्चित व अनिश्चित मेधा सूची की गयी। पटना विवि की नन गारेंटेड सूची में सामान्य श्रेणी के छात्रों के लिए 373 अंक, अनुसूचित जनजाति के लिए 282 अंक और बीसी टू के लिए 263 अंक को न्यूनतम सीमा निर्धारित किया गया है। इसी तरह जीव विज्ञान संकाय की नन गारेंटेड सूची में सामान्य श्रेणी के छात्रों के लिए 330 अंक निर्धारित किए गए हैं। अन्य श्रेणी के उम्मीदवारों के आवेदन नहीं दिए गए हैं। इसी तरह अन्य विवि के छात्रों के लिए गणित की नन गारेंटेड सूची में सामान्य छात्रों के लिए न्यूनतम 463,बीसी-1 के लिए 369, एससी के लिए 361, एसटी के लिए 375, बीसी-2 के लिए 403 और बैकवर्ड महिला (बीडब्लू) के लिए 393 अंक निर्धारित किए गए हैं। वहीं जीव विज्ञान की नन गारेंटेड सूची में सामान्य छात्रों के लिए न्यूनतम 422, बीसी -1 के लिए 358, एससी के लिए 351, एसटी के लिए 370, बीसी 2 के लिए 397 और बीडब्लू के लिए 396 अंक निर्धारित किए गए हैं। गारेंटेड में नामांकन के बाद बाकी बचे पर नन गारेंटेड सूची के आध नामांकन होगा। नामांकन की हासिल करने वाले छात्र 24 जून के बीच कॉलेज में दाखिला ले सकते हैं।

नामांकन मेधा सूची

गणित निश्चित सूची (पटना विवि के छात्रों के लिए)

कोटि	कट ऑफ लिस्ट
सामान्य	408
बीसी-1	270
एससी	251
एसटी	304
बीसी-2	358

जीव विज्ञान निश्चित सूची (पटना विवि के छात्रों के लिए)

कोटि	कट ऑफ लिस्ट
सामान्य	375
बीसी-1	294
एससी	269
एसटी	309
बीसी-2	310

गणित निश्चित सूची (अन्य विवि के छात्रों के लिए)

कोटि	कट ऑफ लिस्ट
सामान्य	486
बीसी-1	397
एससी	386
एसटी	389
बीसी-2	398

जीव विज्ञान निश्चित सूची (अन्य विवि के छात्रों के लिए)

कोटि	कट ऑफ लिस्ट
सामान्य	440
बीसी-1	374
एससी	378
एसटी	403
बीसी-2	420
बीडब्लू	406